नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

| Question Booklet No. |
|---|
| |

No. of Questions – **29**

No. of Printed Pages – **15**

**S-123-Science (D&D)**

# माध्यमिक (मूक–बधिर) (CWSN) परीक्षा, 2025

# SECONDARY (Deaf & Dumb) (CWSN) EXAMINATION, 2025

## विज्ञान

## (SCIENCE)

**समय : 4 घण्टे 15 मिनिट**

**पूर्णांक : 80**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :***

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यत: लिखें ।
   Candidate must write first his/her Roll No. on the question paper compulsorily.

2) **सभी** प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।
   **All** the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।
   Write the answer to each question in the given answer-book only.

4) जिन प्रश्नों के आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।
   For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

## खण्ड – अ

## SECTION – A

बहुचयनात्मक प्रश्न : **[1×15=15]**

Multiple choice questions :

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चयन कर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

Write the answer to question in answer-book by selecting the correct option.

i) $Fe_2O_3 + 2Al \longrightarrow Al_2O_3 + 2Fe$ **[1]**

ऊपर दी गई अभिक्रिया किस प्रकार की है ?

अ) संयोजन

ब) द्विविस्थापन

स) वियोजन

द) विस्थापन

$Fe_2O_3 + 2Al \longrightarrow Al_2O_3 + 2Fe$

The above reaction is an example of a

A) Combination

B) Double displacement

C) Decomposition

D) Displacement

ii) कोई विलयन लाल लिटमस को नीला कर देता है, इसका pH संभवत क्या होगा ? **[1]**

अ) 1

ब) 4

स) 5

द) 10

A solution turns red litmus blue, its pH is likely to be

A) 1

B) 4

C) 5

D) 10

iii) लोहा व इस्पात को जंग से सुरक्षित रखने के लिए उन पर किस धातु की परत चढ़ाई जाती है ? **[1]**

अ) ताँबा

ब) चाँदी

स) सोना

द) जिंक

Which metal layer is coated on iron and steel to protect them from rust ?

A) Copper

B) Silver

C) Gold

D) Zinc

iv) $C_nH_{2n+2}$ किसका सामान्य सूत्र है ? **[1]**

अ) अल्काईन

ब) एल्कीन

स) एल्केन

द) प्रोपाईन

What is the general formula of $C_nH_{2n+2}$ ?

A) Alkyne

B) Alkene

C) Alkane

D) Propyne

v) पादप में जाइलम उत्तरदायी है **[1]**

अ) जल का वहन

ब) भोजन का वहन

स) अमीनो अम्ल का वहन

द) ऑक्सीजन का वहन

The xylem in plants are responsible for

A) Transport of water

B) Transport of food

C) Transport of amino acids

D) Transport of oxygen

vi) दो तंत्रिका कोशिका के मध्य खाली स्थान को कहते है **[1]**

अ) द्रुमिका

ब) सिनेप्स

स) एक्सॉन

द) आवेग

The gap between two neurons is called a

A) Dendritic

B) Synapse

C) Axon

D) Impulse

vii) अलैंगिक जनन मुकुलन द्वारा होता है **[1]**

अ) अमीबा

ब) यीस्ट

स) प्लैज़्मोडियम

द) लीशमैनिया

Asexual reproduction takes place through budding in

A) Amoeba

B) Yeast

C) Plasmodium

D) Leishmania

viii) मेंडल ने अपने प्रयोगों के लिए कौन-से पौधे को चुना ? **[1]**

अ) मटर

ब) चना

स) सेम

द) इनमें से कोई नहीं

Which plant did Mendel choose for his experiments ?

A) Pea

B) Gram

C) Bean

D) None of the above

ix) निम्नलिखित में से कौन-सा पदार्थ लेंस बनाने के लिए प्रयुक्त नहीं किया जा सकता है ? **[1]**

अ) जल

ब) काँच

स) प्लास्टिक

द) मिट्टी

Which one of the following materials cannot be used to make a lens ?

A) Water

B) Glass

C) Plastic

D) Clay

x) मानव नेत्र जिस भाग पर किसी वस्तु का प्रतिबिंब बनाते हैं, वह है **[1]**

अ) कॉर्निया

ब) परितारिका

स) पुतली

द) दृष्टिपटल

The human eye forms the reflection of an object at its

A) Cornea

B) Iris

C) Pupil

D) Retina

xi) विद्युत प्रतिरोध का मात्रक है **[1]**

अ) ऐम्पियर

ब) वोल्ट

स) ओम

द) वाट

Unit of electrical resistance is

A) Ampere

B) Volt

C) Ohm's

D) Watt

xii) विद्युत बल्ब में कौन–सी गैस भरी रहती है ? **[1]**

अ) निर्वात

ब) वायु

स) निष्क्रिय गैस

द) हाइड्रोजन

Which gas is filled in electric bulb ?

A) Vacuum

B) Air

C) Inert gas

D) Hydrogen

xiii) हरे पौधे होते है **[1]**

अ) उत्पादक

ब) अपघटक

स) उपभोक्ता

द) आहार शृंखला

Green plants are

A) Producer

B) Decomposer

C) Consumer

D) Food chain

xiv) थायरॉक्सिन की कमी से कौन–सा रोग होता है ? **[1]**

अ) एड्स

ब) बैरी–बैरी

स) घेंघा

द) मधुमेह

Which disease is caused by lack of thyroxin ?

A) AIDS

B) Beri-Beri

C) Goitre

D) Diabetes

xv) लैक्टिक अम्ल का प्राकृतिक स्रोत है **[1]**

अ) दही

ब) इमली

स) सिरका

द) टमाटर

Natural source of lactic acid is

A) Curd

B) Tamarind

C) Vinegar

D) Tomato

**2.** निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : **[1×5=5]**

Fill in the blanks of the following :

i) रासायनिक अभिक्रिया में बने नए पदार्थ ________ कहलाते है । (अभिकारक/उत्पाद) **[1]**

The new substances formed in a chemical reaction are called ________ (Reactant/Product)

ii) प्लेनेरिया में जनन ____________ विधि से होता है । (पुनरुदभवन/मुकुलन) **[1]**

In Planaria reproduction takes place through ______________ method. (Regeneration/Budding)

iii) चन्द्रमा पर खडे अंतरिक्ष यात्री को आकाश का रंग ___________ दिखाई देता है । (लाल/काला) **[1]**

To an astronaut standing on the moon the sky appears __________ (Red/Black)

iv) जब विद्युन्मय तार तथा उदासीन तार दोनों सीधे संपर्क में आते हैं, तो ____________ हो सकता है । (अतिभारण/लघुपथन) **[1]**

_________ can occur when the live wire and the neutral wire come into direct contact. (overloading/short-circuiting)

v) पौधों में समन्वय एक रासायनिक पदार्थ द्वारा होता है जिसे ______ कहते है । (हॉर्मोन/उद्‌दीपन) **[1]**

A chemical substance, which coordinates in plants are called ________ (Hormone/Stimulation)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** पंक्ति में दीजिए : **[1×10=10]**

Answer the following questions in **one** line :

**3.** CaO(s) यौगिक का प्रचलित नाम क्या है ? **[1]**

What is the common name of CaO(s) compound ?

**4.** ताँबा व जस्ते से बनी एक मिश्रधातु का नाम लिखिए। **[1]**

Write the name of an alloy made of Copper and Zinc.

**5.** एक निर्जलीकारक का नाम लिखिए। **[1]**

Write the name of a dehydrating agent.

**6.** पादपों में भोजन का स्थानान्तरण किसके द्वारा होता है ? **[1]**

By which does the transport of food take place in plants ?

**7.** मनुष्य के आहारनाल की कौन–सी संरचना अवशेषी अंग है ? **[1]**

Which structure of human alimentary canal is a vestigial organ ?

**8.** वृक्क के ऊपर स्थित अन्तःस्रावी ग्रंथि का नाम लिखिए। **[1]**

Write the name of endocrine gland situated above the Kidney.

**9.** फूल का कौन–सा भाग फल में बदलता है ? **[1]**

Which part of the flower turns into fruit ?

**10.** लैंस की क्षमता का SI मात्रक लिखिए । **[1]**

Write SI unit of power of lens.

**11.** इन्द्रधनुष का बनना किस परिघटना पर आधारित है ? **[1]**

The creation of rainbow is based on which phenomenon ?

**12.** विद्युत हीटर की कुण्डली में किसका प्रयोग किया जाता है ? **[1]**

What is used in the coil of electric heater ?

## खण्ड – ब

## SECTION – B

लघु उत्तरात्मक प्रश्न : **[2×7=14]**

Short answer questions :

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए शब्द सीमा अधिकतम **30** शब्द है :

The word limit for answers to the following questions is maximum **30** words :

**13.** रासायनिक अभिक्रिया एवं रासायनिक समीकरण में अंतर लिखिए । **[1+1=2]**

Write the difference between chemical reaction and chemical equation.

**14.** कैल्शियम कार्बोनेट के विविध रूपों के नाम लिखिए । **[1+1=2]**

Write names of various forms of calcium carbonate.

**15.** सोडियम को कैरोसीन में डूबोकर क्यों रखा जाता है ? **[2]**

Why is sodium kept immersed in kerosene ?

**16.** ऑक्सीकारक क्या है ? समझाइए । **[2]**

What is oxidant ? Explain.

**17.** भोजन के पाचन में लार की क्या भूमिका है ? **[2]**

What is the role of saliva in the digestion of food ?

**18.** पुनर्भरण क्रियाविधि क्या है ? **[2]**

What is feedback mechanism ?

**19.** किन्हीं दो उभयलिंगी पुष्पों के नाम लिखिए । **[1+1=2]**

Write names of any two bisexual flowers.

## खण्ड – स

## SECTION – C

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न : **[3×8=24]**

Long answer questions :

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए शब्द सीमा अधिकतम **50** शब्द है ।

The word limit for answers to the following questions is maximum **50** words.

**20.** धातु को संक्षारित होने से बचाने की तीन विधियों के नाम लिखिए । **[1+1+1=3]**

Write the names of three methods on how to prevent metal from corrosioning.

**21.** नेफ्रॉन (वृक्काणु) का नामांकित चित्र बनाइए । **[3]**

Draw a labeled diagram of nephron.

**22.** निम्नलिखित हॉर्मोनों का एक–एक कार्य लिखिए । **[1+1+1=3]**

अ) वृद्धिहॉर्मोन

ब) टेस्टोस्टेरॉन

स) मोचक हॉर्मोन

Write one function of each of the following hormones.

A) Growth hormone

B) Testosterone

C) Releasing hormone

**23.** जीनप्रारूप (जीनोटाइप) व लक्षण प्रारूप (फीनोटाइप) में अंतर समझाइए । **[1½+1½=3]**

Explain the difference between genotype and phenotype.

**24.** प्रकाश के परावर्तन के नियम लिखिए । **[3]**

Write laws of refraction of light.

**25.** धातु के आवरण वाले विद्युत साधित्रों को भूसंपर्कित करना क्यों आवश्यक है ? समझाइए । **[3]**

Explain, why is earth wire necessary to earth metallic appliances ?

**26.** ओज़ोन परत की क्षति को सीमित करने के लिए क्या कदम उठाए गए है ? **[3]**

What steps are being taken to limit of damage to ozone layer ?

**27.** किन्हीं तीन गर्भनिरोधक युक्तियों के नाम लिखिए । **[1+1+1=3]**

Write the names of any three contraceptive devices.

## खण्ड – द

## SECTION – D

निबन्धात्मक प्रश्न : **[6×2=12]**

Essay type questions :

निम्नलिखित प्रश्नों के विकल्प दिये गये है । उत्तर शब्द सीमा अधिकतम **100** शब्द है ।

Options for following questions are given. Answer word limit is maximum **100** words.

**28.** i) मानव के पाचन तंत्र की संरचना का नामांकित चित्र बनाइए ।

ii) पाचन की कार्यविधि को समझाइए । **[3+3=6]**

i) Draw a labeled diagram of digestive system of human beings.

ii) Explain the mechanism of digestion.

**अथवा**/OR

i) पुष्प की अनुदैर्घ्य काट का नामांकित चित्र बनाइए ।

ii) पुष्पों में परागण की क्रियाविधि को समझाइए । **[3+3=6]**

i) Draw a labeled diagram of longitudinal section of a flower.

ii) Explain the mechanism of pollination in flowers.

**29.** i) ओम का नियम लिखिए ।

ii) ओम का नियम के अध्ययन के लिए विद्युत परिपथ का आरेख चित्र बनाइए । **[3+3=6]**

i) Write Ohm's law.

ii) Draw a line diagram of an electric circuit to study of Ohm's law.

**अथवा**/OR

i) उदासीनीकरण अभिक्रिया के दो उदाहरण लिखिए ।

ii) बेकिंग सोडा के दो प्रमुख उपयोग लिखिए । **[1½+1½+1½+1½=6]**

i) Write two examples of neutralisation reaction.

ii) Write two main uses of baking soda.

DO NOT WRITE ANYTHING HERE